सिद्धार्थनगर पुलिस

प्रेस-नोट दिनांक 16.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा थाना खेसरहा के ग्राम कठमोरवा में हुई महिला की मृत्यु की सूचना पर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया।

◆प्रभारी निरीक्षक खेसरहा को घटना के अनावरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

आज दिनांक 16.06.2024 को थाना खेसरहा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कठमोरवा में हुई महिला की मृत्यु की सूचना पर सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। थाना स्थानीय पुलिस व फारेंसिक टीम द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही पुर्ण कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है, इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक खेसरहा को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, क्षेत्राधिकारी इटवा, प्रभारी निरीक्षक इटवा, प्रभारी एसओजी सहित थाना खेसरहा के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

प्रेस नोट दिनांक 16.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रुट मार्च/पैदल गश्त कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 16-06-2024 को जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत शांति व्यवस्था हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस-पास रुट मार्च/पैदल गश्त कर आम-जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया। आपस में सौहार्द बनाये रखने व अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करने हेतु अपील किया गया।

प्रेस नोट दिनांक 16.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆आगामी त्यौहार बकरीद के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा थाना क्षेत्र शोहरतगढ़ के कस्बा शोहरतगढ़ में पैदल गश्त कर आम जनमानस को कराया गया सुरक्षा का एहसास।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 16.06.2024 को आगामी त्यौहार बकरीद के दृष्टिगत कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना क्षेत्र शोहरतगढ़ में श्री सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, दरवेश कुमार क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ व प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ तथा थाना शोहरतगढ़ पुलिस बल के साथ पैदल-गश्त किया गया । जिसमें कस्बा शोहरतगढ़ व अन्य भीड़-भाड़ वाले इलाको में पुलिसबल के साथ पैदल गश्त करते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यापारियों, संभ्रांत व्यक्तियों व आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का एहसास कराया गया तथा आमजन से वार्ता कर आगामी त्यौहार बकरीद को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गयी । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़, प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ व थाना शोहरतगढ़ के पुलिसकर्मी आदि मौजूद रहे।